# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007
(नैक द्वारा ए++ ग्रेड प्रत्यायित)

संदर्भ संख्या :............................................/पी.ए./2023

दिनांक :. ............................................................

रजिस्टर्ड/स्पीडपोस्ट/व्यक्तिगत

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
(लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली एवं लखीमपुर खीरी)।

महोदय,

सूच्य है कि मा0 कुलाधिपति/राज्यपाल महोदया एवं उ0प्र0 शासन के निर्देशानुकम में दिनांक 21 जून, 2023 को विश्व योग दिवस के अवसर पर आपको अपने महाविद्यालय में कार्यक्रम सम्पन्न कराने हेतु विश्वविद्यालय के पत्र संख्या : आर/283/23, दिनांक 09.06.2023 व अन्य द्वारा वृहद रूप से कार्यक्रम को सम्पन्न कराने एवं दिये गये गुगल लिंक पर विवरण अपलोड करने का अनुरोध किया गया था। किन्तु अभी तक 125 सहयुक्त महाविद्यालयों द्वारा ही दिये गये गुगल लिंक पर विवरण अपलोड किया गया है। शेष अन्य महाविद्यालयों द्वारा विश्व योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये जाने सम्बन्धी विवरण अपलोड नहीं किये गये हैं अर्थात उ0प्र0 शासन एवं विश्वविद्यालय के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया है। अतः–

1. जिन सहयुक्त महाविद्यालयों द्वारा विश्व योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया परन्तु अभी तक दिये गये गुगल लिंक पर विवरण अपलोड नहीं किया गया है उनसे अपेक्षा की जाती है कि अपलोड न किये जाने का कारण सहित आख्या दो कार्य दिवस के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. ऐसे सहयुक्त महाविद्यालय जिनके द्वारा विश्व योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया है, उनको निर्देशित किया जाता है कि इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण आख्या दो कार्य दिवस के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(संजय मेधावी)
कुलसचिव

संख्या : R/521/23 दिनांक : 26/6/2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर–एम, आशियाना, लखनऊ।
3. इंचार्ज, वेबसाईट, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि प्राचार्य, समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों (लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली एवं लखीमपुर खीरी) को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाईल।

26-6-23

कुलसचिव